महत्वपूर्ण एवं खास

मारपीट का मामला : हत्या के केस में चाचा और भतीजा गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। भुलसीडीह के फॉर्म हाउस में पैसे के लेन.देन की बात पर विवाद के बाद मारपीट से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया। घटना में शामिल आरोपी चाचा पुष्पेंद्र चौबे और नाबालिग भतीजा को गिरफ्तार कर लिया है। बालकोनगर थाना के रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत भुलसीडीह के फॉर्म हाउस में गुरुवार रात 10.30 बजे शैलेंद्र दीप, फारुख खान अपने दो साथी के साथ पहुंचे थे। उक्त फॉर्म हाउस में पिता बालेश्वर चौबे की हत्या के बाद उसका छोटा बेटा पुष्पेंद्र चौबे सपरिवार रहने लगा था। उक्त लोगों ने उसे बालेश्वर से पुरानी कबाड़ बस को खरीदने 1 लाख एडवांस में देने की बात कहते हुए पैसा वापस मांगा था। इस पर दोनों पक्ष में मारपीट हुई थी।

कोयला खाली करते हाईटेंशन तार की चपेट में आने से धधक गई आग, ट्रक चालक की मौत

बिलासपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक ट्रक ड्राइवर जिंदा जल गया. बताया जा रहा है कि हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने के कारण ट्रक में आग लग गई. इसमें ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि कोल डिपो में कोयला खाली करने के दौरान हादसा हुआ है. हाइवा से कोयला खाली करते वक्त आग लगी. भीषण आग का वीडियो अब तेजी से वायरल हो रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक ये घटना कोटा थाना क्षेत्र के अमाली गांव की है. कोटा पुलिस जांच में जुटी है।

भाजपा नेता के घर जमीन के अंदर मिली भगवान की प्रतिमा, देखने के लिए जुटी भीड़

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर से सटे धरसींवा क्षेत्र के सोण्डरा गांव में भाजपा नेता के घर जमीन से भगवान निकलने की खबर से गांव में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी है. बीजेपी नेता दिलेंद्र बंछोर के घर मिट्टी से सनी खंडित प्रतिमा जमीन के अंदर से निकली है. यह प्रतिमा जैन तीर्थंकर भगवान की है या अन्य भगवान की, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। इसकी जानकारी मिलते ही आसपास के लोग भाजपा नेता बंछोर के घर भगवान के दर्शनार्थ पहुंच रहे हैं।

तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, पिता-पुत्र घायल

कोरबा (आरएनएस)। जिले में दुर्घटनाएं थमने का नाम ही नहीं ले रही है। आए दिन यहां लोग तेज रफ्तार के कारण कई बड़े हादसे का शिकार हो रहे हैं ऐसे ही एक और बड़ी घटना सामने आई है। एक तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक में सवार पिता-पुत्र गंभीर रूप से चोटिल हो गए है। घटना के बाद आसपास के लोगों द्वारा तत्काल घायलों को पाली सीएचसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी इलाज जारी है। जानकारी के मुताबिक यह हादसा कोरबा जिले के पाली थाना अंतर्गत नुनेरा में हुआ है। जहां एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी, और मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई, वही आसपास के लोगों द्वारा तत्काल घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनका इलाज जारी है। बताया गया कि बाइक में सवार दोनों घायल पिता-पुत्र हैं। इस घटना के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच चुके हैं। फिलहाल घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है, जिसके बाद पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है और अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी हुई है।

एथेनाल बनाने की अनुमति मिल जाए तो किसानों से और ज्यादा मात्रा में धान खरीदेगी राज्य सरकार

- यादव महासभा के शताब्दी समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री
- डेयरी एवं पशुपालन नहीं रहा अब घाटे का सौदा - मुख्यमंत्री

रायपुर (आरएनएस)। डेयरी एवं पशुपालन अब घाटे का सौदा नहीं रह गया हैं। गोबर बेचकर लोग अपने बाल बच्चों की पढ़ाई एवं वर-विवाह की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। बहुत सारे लोग तो गोठान से मिली आमदनी से ही काफी जायदाद बना लिये हैं। शुरूआती आशंका के बाद हमारी गोधन न्याय योजना ने न केवल देश में बल्कि विश्व में भी काफी लोकप्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बिलासपुर के लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में आयोजित अखिल भारतीय यादव महासभा के शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भगवान श्रीकृष्ण की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यादव समाज के ईष्टदेव भगवान कृष्ण के योगदान से दुनिया में कौन वाकिफ नहीं है। भगवत गीता के रूप में उनका संदेश युद्ध और शांति दोनों ही स्थिति में प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सबसे पहले गोपालन को अपनाया। उनसे प्रेरणा लेकर छत्तीसगढ़ की सरकार ने गोधन न्याय योजना लागू की है। ग्रामीण, किसानों और गरीबों के लिए इससे समृद्धि एवं खुशहाली के द्वार खुले हैं। सरकारी मदद एवं लोगों की मेहनत से गोपालन अब लाभ का व्यवसाय हो गया है। बघेल ने बताया कि राज्य की कुल 11 हजार ग्राम पंचायतों में से 10 हजार में गोठान बन चुके हैं। इनमें 9 हजार गोठानों में गोबर खरीदी एवं कम्पोस्ट खाद का निर्माण भी चल रहा है। गोबर एवं कम्पोस्ट खाद बेचकर महिलाओं एवं गोपालकों ने लगभग 200 करोड़ रूपये की कमाई की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोठान निर्माण से राज्य में डेढ़ लाख एकड़ जमीन आरक्षित हो गई। लोगों ने शांतिपूर्वक गोठान निर्माण के लिए अतिक्रमण छोड़े। भविष्य में इनका और विस्तार किया जायेगा। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि भारत सरकार से चावल से एथेनाल बनाने की अनुमति मांगी है। अनुमति मिल जाये तो हम किसानों का एक-एक दाना धान खरीदने को तैयार हैं। यहां तक कि हम गरमी की धान फसल की भी खरीदी कर सकते हैं। पूरे देश में सबसे ज्यादा दर पर धान की खरीदी छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर सहयोग करने वाले मजदूरों को भी हम प्रति वर्ष 7 हजार की मदद कर रहे हैं। अकेले बिलासपुर जिले में लगभग 37 हजार कृषि मजदूरों को इस योजना का फायदा मिल रहा है। शहर की नई पीढ़ी बरगद,पीपल जैसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व के पेड़-पौधों की जान सके इसके लिए हमने शहरी क्षेत्रों में कृष्ण कुंज योजना लागू की है। वन क्षेत्रों में रहने वाले यादव समाज सहित पिछड़े वर्ग के अन्य लोगों को भी हमने पट्टा दिये हैं, इसके पहले उन्हें नहीं दिया जाता था। राज्य की अधिसंख्य आबादी, एससी, एसटी एवं ओबीसी की हैं। इन समाजों को हमने सरकारी दर के केवल 10 प्रतिशत दर पर भू-खण्ड आवंटित कर रहे हैं। जिनके पास भूखण्ड हैं, उन्हें भवन बनाने के लिए जरूरत के अनुसार वित्तीय मदद भी कर रहे हैं। ये काम पूरे राज्य में प्रशासन द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। समारोह को पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं यादव महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक अरूण यादव ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने राज्य सरकार की गोधन न्याय योजना की काफी सराहना की। उन्होंने कहा कि न केवल देश में बल्कि विदेशों में भी इसकी अनुगूंज सुनाई देती है। समारोह को यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सपन कुमार घोष, संसदीय सचिव एवं खल्लारी विधायक द्वारकाधीश यादव एवं चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव ने भी सम्बोधित किया। यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव ने स्वागत भाषण दिया।

नक्सलियों ने 1 ग्रामीण की हत्या, 1 ग्रामीण नक्स्ली कब्जे से भाग निकला

कोंडागांव (आरएनएस)। जिले के पुगारपाल थाना अंर्तगत ग्राम तुमड़ीपारा के खासपारा निवासी 06 ग्रामीणों को नक्सलियों द्वारा बंधक बनाकर अपने साथ ले गए, अपहित 04 ग्रामीणों को छोड़ दिया। दो ग्रामीणों बारहमासी नाग एवं सोनार यादव को नक्सली अपने साथ जंगल ले गए, एक ग्रामीण सोनार यादव किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग निकला, लेकिन नक्सलियों ने एक ग्रामीण बारहमासी नाग की हत्या कर दी।

पुगारपाल थाना प्रभारी रामजी तारम के अनुसार, शनिवार की देर शाम को थाना से करीब छह किमी दूर तुमड़ीपाल खासपारा में जात्रा कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें गांव के लोग शामिल होने के लिए गए हुए थे, इसी दौरान वर्दीधारी हथियार के साथ नक्सली जात्रा कार्यक्रम में पहुंचे। नक्सली मौके से बारहमासी नाग, सोनार यादव, गणेश के अलावा अन्य तीन लोगों को अपने साथ जंगल में ले गए, जहां से चार लोगों को छोड़ दिया गया, जबकि नक्सली अपने साथ सोनार और बारहमासी को जंगल की तरफ ले गए, लेकिन सोनार नक्सलियों को चकमा देकर वहां से भाग निकला। नक्सली बारहमासी को अपने साथ ले गए, रात करीब एक बजे ग्रामीण को डंडे से पिटाई करने के साथ ही ग्रामीण बारहमासी नाग की गला दबाकर हत्या कर दी। रात को ही नक्सलियों ने मृतक के परिजनों को सूचना दी और शव को परिजनों को सौंप दिया। इसके साथ ही उन्हे कुछ पर्चा भी दिया है। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी रात में ही पुलिस को दे दी। इस घटना के बाद से गांव और परिवार में दहशत व्याप्त है।

नक्सलियों ने पर्चा जारी कर नेताओं के मर्डर की धमकी दी, लोगों में दहशत

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर के ओरछा और कुकड़ाझोर में नक्सलियों ने बैनर चिपकाकर नक्सली दहशत फैलाने की कोशिश की है. नक्सलियों ने तीन जनप्रतिनिधियों के नाम लिखकर उनके नाम अपनी अंतिम चेतावनी छोड़ी है। साथ ही साथ दूसरे पर्चे में ग्रामीणों को आखिरी चेतावनी दी गई है। नक्सलियों ने जिले में दो अलग अलग जगह बैनर पोस्टर और पर्चे फेक कर चेतावनी दी है.इसमें विकासखंड ओरछा के सप्ताहिक बाजार में नक्सलियों ने पर्चे फेंके. जिसमें छोटेडोंगर के सरपंच हरिमाझी, बैदराज और कोमल मांझी को गलती स्वीकार नहीं करने पर नेता सागर साहू के जैसे जान मारने की धमकी नक्सलियों के पूर्वी बस्तर डिविजन कमेटी ने दी हैं. शनिवार को पोस्टर बैनर जारी कर नक्सलियों ने यह धमकी जारी की है।

एटेपाल सिविक एक्शन कार्यक्रम में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के थाना मिरतुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम एटेपाल में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बेचापाल ग्राम पंचायत के समस्त आश्रित ग्राम के लगभग 600 ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस दौरान छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर 03 महिलाओं सहित 16 नक्सलियों ने पुलिस एवं प्रशासन के समक्ष आत्मसमर्पण भी किया। प्रोत्साहन स्वरूप आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया।

सिविक एक्शन कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा अन्य जनकल्याणकारी योजनाएं यथा पेंशन, आवास, लघु सीचाई संरचनाएं हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्रामीणों को आवश्यक जरूरी सामग्री, का वितरण विभाग द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में आये समस्त ग्रामीणों के लिये भोजन की व्यवस्था की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मिरतुर द्वारा ग्रामीणों के लिये नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में आये ग्रामीणों ने उपचार कराया एवं स्वास्थ्य लाभ लिये। कार्यक्रम में आये हतिग्राहियों को वन अधिकारी पट्टा का वितरण किया गया एवं आधार कार्ड हेतु कैम्प लगाकर हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाये गये।

चूल्हे पर पक रहे चावल के गंज में गिरा मासूम, बुरी तरह झुलसा, हालत गंभीर

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बड़ा हादसा हो गया है। यहां स्थित एक पोटाकेबिन में चूल्हे पर रखे चावल के गंज में 5 साल का मासूम गिरकर बुरी तरह से झुलस गया। गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की सूचना मिलने के बाद अफसर मौके पर पहुंचे। वहीं बच्चे का इलाज चल रहा है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार यह मामला बीजापुर जिले के उसूर पोटाकेबिन का है। यहां पढने वाले छात्र मुचाकी हड़मा शुक्रवार की शाम को हादसे का शिकार हो गया। बच्चा किचन में चूल्हे के पास पहुंचा और अचानक उसका पैर फिसल गया। इससे वह चूल्हे पर रखे चालव से भरे गंज में गिर गया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। बताया जा रहा है कि हादसे के कुछ देर पहले की चूल्हे पर चावल पकाने के लिए रखा गया था। जैसे ही इसकी जानकारी मिली विभागीय अफसर मौके पर पहुंच गए। पहले बच्चे को उसूर के अस्पताल पहुंचाया गया। यहां शुरुआती इलाज के बाद उसे बीजापुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

लापता पति-पत्नी और दो बच्चे की कार में जलकर नहीं हुई है मौत

- पुलिस रहस्मय ढंग से लापता पति-पत्नी और दो बच्चों की तलाश में जुटी है

कांकेर (आरएनएस)। जिले के चारामा-कोरर मार्ग पर हुए कार आगजनी में कार में आग लगने के बाद लापता समीरन सिकदार, उनकी पत्नी और दो बच्चे धमतरी के होटल आशियाना में 01 मार्च की रात रुके थे, 02 मार्च की सुबह 08 बजे होटल छोड़ा है, पुलिस चारों की तलाश में जुटी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को इस बात के पुख्ता सबूत मिले हैं कि कार जिस वक्त जल रही थी, उस वक्त पूरा परिवार धमतरी के एक लॉज में रूका हुआ था। जानकारी ये भी आयी है कि 01 मार्च को ये पति-पत्नी और दो बच्चे धमतरी के एक लॉज में पहुंचे थे। बच्चों और पत्नी को छोडने के बाद पति वापस कार को लेकर चला गया, कार में आग लगाने के बाद पति 02 मार्च की सुबह लौटा और फिर पत्नी और बच्चों को लेकर चला गया। हालांकि अभी परिवार कहां हैं इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। जली हुई कार की फोरेंसिक जांच में भी यही बात सामने आयी थी कि कार में किसी की भी मौत नहीं हुई है। फोरेंसिक टीम की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाया, तो धमतरी से एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी से ये बात साफ है कि परिवार जिंदा है। परिवार के लोगों ने खुद ही अपने मौत की साजिश फिल्म दृश्यम के तर्ज पर रची थी। फिलहाल पुलिस परिवार के पास पहुंचने की कोशिश कर रहा है, पुलिस परिजनों से भी पूछताछ कर रही है। खबर ये है कि इस घटना में पूरा परिवार शामिल था। लेकिन जानबूझकर पूरी बातों को छुपाया गया।

उल्लेखनिय है कि बुधवार 01 मार्च की रात चारामा-कोरर मार्ग पर कार में आग लगने के बाद से रहस्मय ढंग से समीरन सिकदार, उनकी पत्नी और दो बच्चे लापता हो गए हैं। रहस्मय ढंग से लापता लोगों के खोजबीन के लिए कांकेर एसपी ने 05 सदस्यी टीम गठित की है। इस मामले में समीरन और उनका परिवार धमतरी के एक लॉज में 01 मार्च को रुका था। पत्नी और 02 बच्चे के साथ लॉज में 01 मार्च की रात 8.30 बजे चेक इन किया था।

कांकेर पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि दंपति के खोजबीन के लिए 05 सदस्यीय टीम गठित की गई है। परिवार 01 तारीख को धमतरी के एक लॉज में रात 8.30 बजे चेक इन किया था, फिर सुबह 8.46 लॉज से बाहर निकले और 9.30 को फिर वापस लाज पहुंचे। लॉज के एक प्रत्यक्षदर्शी महिला ने बताया कि पत्नी और 02 बच्चे को सुबह 10 बजे लॉज से बाहर जाते देखा गया था। पुलिस लापता चारों लोगों की तलाश में जुटी हुई है।

महिलाओं से भरी पिकअप पलटी, छह रेफर, दर्जन भर से अधिक घायल

बालोद (आरएनएस)। जिले के डौंडीलोहारा क्षेत्र में एक बड़ी दुर्घटना हुई है। मजदूरों से भरी पिकअप पलट गई। इसमें 6 गंभीर घायल महिलाओं को राजनांदगांव रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में डेढ़ दर्जन से अधिक मजदूर बैठे थे। एक दर्जन से अधिक मजदूरों को चोटे भी आई है। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डौंडीलोहारा में चल रहा है।

घटना शनिवार को डौंडीलोहारा राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर हुई है। जहां संबलपुर खैरोडीह के बीच पिकअप वाहन पलट गया। गाड़ी में बड़ी संख्या में महिला मजदूर सवार थी। सभी मजदूर ग्राम खेड़ी से निंदाई करने जा रही थी। घटना के बाद लोहारा थाना प्रभारी पुलिस सहित स्वास्थ्य विभाग का एंबुलेंस मौके पर पहुंचा और राहत बचाव कार्य शुरू किया गया। डौंडीलोहारा के थाना प्रभारी तुलसिंह पट्टाबी ने बताया कि ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। जिसकी पतासाजी की जा रही है। दुर्घटना के बाद छह महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

देवरी और लोहारा अस्पताल में इलाज जारी- घटना इतनी भयानक थी कि दो दो अस्पताल में महिलाओं का इलाज जारी है। देवरी और लोहारा में महिलाएं भर्ती है। सभी का इलाज जारी है। डॉक्टर ने बताया कि कई महिलाओं को गंभीर चोटें आई है। स्थिति देखकर प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। आपातकालीन वाहन के साथ-साथ पुलिस के वाहन में भी महिलाओं को अस्पताल पहुंचाया गया है। ग्रामीणों ने भी पूरी दुर्घटना की वस्तु स्थिति को संभालने में मदद की है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

दो झुण्डों में बटे उत्पाती हाथियों का दल, फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

कोरबा (आरएनएस)। वनमंडल कोरबा के करतला रेंज अंतर्गत तुर्रीकटरा जंगल में पिछले कई दिनों से डेरा डालकर क्षेत्र को अपना बसेरा बनाने वाला उत्पाती हाथियों का दल दो झुण्डों में बट गया है। एक झुण्ड में तीन हाथी शामिल है जो पीडिया गांव के आसपास घूम रहा है। जबकि दूसरे झूण्ड में 9 हाथी बताया जा रहा हैए जो बोतली गांव पहुंच गये है। हाथियों ने इन दोनों गांवों में पहुंचते ही भारी उत्पात मचाया है। जहां पीडिया में हाथियों ने आधा दर्जन किसानों के खेत व बाड़ी में लगे फसल को बूरी तरह रौंद दिया है। वहीं बोतली में भी कई किसानों की फसल को गजदल ने नुकसान पहुंचाया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी नुकसान पड़ा है। हाथियों द्वारा रात में उत्पात मचाये जाने तथा फसल क्षति की सूचना पर करतला से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह पीडित गांव में पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयारी कीए जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जायेगा।

वरिष्ठ अधिकारी प्रकरण बनाकर पीडितों को मुआवजा उपलब्ध करायेंगे। हाथियों के उत्पात से क्षेत्रवासी काफी डरे हुए है और दहशत का माहौल कायम है। इधर बालको वन परिक्षेत्र में मौजूद 19 हाथी अभी भी माखुरकछार व खुंटामुड़ा के आसपास जंगल में मण्डरा रहे है। हाथियों के इस दल ने उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को तोड़ दिया था। उधर कटघोरा वन मण्डल के पसान व केंदई रेंज में हाथी समस्या लगातार कायम है जहां 17 हाथी पसान रेंज के सेमरहा. गाड़ागोड़ा में विचरण कर रहे है वहीं 18 हाथियों का दल केंदई रेंज के जंगल में है। बड़ी संख्या में हाथियों के विचरण से ग्रामीण भयभीत है। वहीं वन अमला लगातार हाथियों की निगरानी कर गांवों में मुनादी करा रहा है।कोरबा। वनमंडल कोरबा के करतला रेंज अंतर्गत तुर्रीकटरा जंगल में पिछले कई दिनों से डेरा डालकर क्षेत्र को अपना बसेरा बनाने वाला उत्पाती हाथियों का दल दो झूण्डों में बट गया है। एक झूण्ड में तीन हाथी शामिल है जो पीडिया गांव के आसपास घूम रहा है। जबकि दूसरे झूण्ड में 9 हाथी बताया जा रहा हैए जो बोतली गांव पहुंच गये है। हाथियों ने इन दोनों गांवों में पहुंचते ही भारी उत्पात मचाया है। जहां पीडिया में हाथियों ने आधा दर्जन किसानों के खेत व बाड़ी में लगे फसल को बूरी तरह रौंद दिया है। वहीं बोतली में भी कई किसानों की फसल को गजदल ने नुकसान पहुंचाया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी नुकसान पड़ा है। हाथियों द्वारा रात में उत्पात मचाये जाने तथा फसल क्षति की सूचना पर करतला से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह पीडित गांव में पहुंचे और हाथियों द्वारा किये गये नुकसानी का आंकलन करने के साथ ही रिपोर्ट तैयारी कीए जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपा जायेगा। वरिष्ठ अधिकारी प्रकरण बनाकर पीडितों को मुआवजा उपलब्ध करायेंगे। हाथियों के उत्पात से क्षेत्रवासी काफी डरे हुए है और दहशत का माहौल कायम है। इधर बालको वन परिक्षेत्र में मौजूद 19 हाथी अभी भी माखुरकछार व खुंटामुड़ा के आसपास जंगल में मण्डरा रहे है।